गुरा सा शरण आपके आया दिलकी दुवदिया रही ना काई

गुरा सा शरण आपके आया,
दिलकी दुवदिया रही ना काई,
दर्द मिटिया सुख पाया,
गुरां सा शरण आपके आया।bd।

ग्यान भाण घट अन्दर ऊगा,
अखे जोत लीव लाया,
जीन कारण जग फिरे उदासी,
सो घट भीतर पाया,
गुरां सा शरण आपके आया।bd।

काम क्रोध का दाग नहीं लागे,
मोह व्यापे नहीं माया,
करम कलेश लेश नहीं उनके,
सोहम शहर बसाया,
गुरां सा शरण आपके आया।bd।

आद अन्त का भये नहीं मेरे,
चित चेतन में लाया,
कर सिवरण घट परचे पाया,
फेर धरू नहीं काया,
गुरां सा शरण आपके आया।bd।

पंछी का खोज मीन का मार्ग,
सतगुरु मोही लखाया,
रोहिल रतन अमोलक लादा,
भाग बङा जीन पाया,
गुरां सा शरण आपके आया।bd।

गुरा सा शरण आपके आया,
दिलकी दुवदिया रही ना काई,
दर्द मिटिया सुख पाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्रेषक – मनोहरराम डाबी रेण
967381984

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com